पेयजल सप्लाई का संचालन निगम करेगा

निजी कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई पार्षदों ने, विधायक ने की विकास कार्यों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

सागर 29 जून.नगर निगम सभाकक्ष में विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, एमआईसी सदस्यों, पार्षदों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण, टाटा एवं सीवरेज परियोजना सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई.

बैठक में विधायक श्री जैन द्वारा एक जुलाई से प्रारंभ होने वाले व्यापक वृक्षारोपण अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई. निर्णय लिया गया कि गत वर्षों में लगाए गए पौधों की वर्तमान स्थिति का

आंकलन करने के बाद प्रत्येक वार्ड विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे. बैठक में विधायक ने कहा कि शहर के श्मशान घाटों पर ही मृत्यु प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई, जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके. पार्षदों ने टाटा प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कंपनी ने पुरानी पाइपलाइन हटाए बिना नई लाइन को उसी से जोड़ दिया, जिससे कई तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हुईं. ऐसे उपभोक्ताओं को भी जलकर का बिल मिलने की शिकायत सामने आई, जिनके कनेक्शन अब तक लाइन से नहीं जुड़े हैं.

निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि टाटा प्रोजेक्ट द्वारा संचालन मद में लगभग 16 करोड़ रुपये की देनदारी लंबित है, जिसका संचालन एमपीयूडीसी के माध्यम से हो रहा है. जबकि बिजली बिल का भुगतान पहले से ही निगम द्वारा किया जा रहा है इसलिए जलप्रदाय व्यवस्था का संचालन टाटा प्रोजेक्ट से वापस लेकर पूर्व की तरह नगर निगम जलप्रदाय विभाग के द्वारा किया जाए. बैठक में वर्षा जल संचयन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. निगमायुक्त ने कहा कि जिन भवनों के नक्शे स्वीकृत किए जाएंगे, उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य होगी. शासकीय भवनों, स्कूलों और कॉलेजों में भी वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने की कार्रवाई की जाएगी, जिन भवन स्वामियों के नक्शे पहले से स्वीकृत हैं लेकिन उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पूरा नहीं किया है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. निगमायुक्त ने सीवर प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी दी गई कि सीवर के शहर में 60 हजार घरेलू कनेक्शन किए जाना थे मगर अभी तक 30 हजार कनेक्शन किए गए हैं. बैठक में निर्णय लिया गया कि निगमायुक्त द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे सीवर कनेक्शनों की समीक्षा की जाएगी. बैठक में एमआईसी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, अनूप उर्मिल, धमेंद्र खटीक, रुपेश यादव, मेघा दुबे, श्रीमती संगीता जैन, पार्षद डॉ याकृति जड़िया, श्रीमती अनीता रामू ठेकेदार, वैदेही पुरोहित, श्रीमती पूजा सोनी, रुबी पटेल, हेमंत यादव, रीतेश तिवारी, भरत माते ,सूरज घोसी, प्रहलाद पटेल, उपायुक्त एसएस बघेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, उपयंत्री आयुष शुक्ला उपस्थित थे.

राहतगढ़ जनपद पंचायत सीओ को नोटिस

टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश, पिछली तीन बैठकों की समीक्षा की गई

नवभारत न्यूज

सागर 29 जून. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में पिछले 3 बार की जनसुनवाई के लंबित आवेदनों की स्थिति की भी समीक्षा की गई.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नॉट अटेंडेड शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए. सिटीजन चार्टर के तहत तय समय-सीमा के भीतर ही हर हाल में आवेदनों का निपटारा सुनिश्चित हो, अन्यथा संबंधितों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि खाद व बीज की गुणवत्ता की लगातार सैंपलिंग की जाए और अवैध

भंडारण या अनियमितता पाए जाने पर तत्काल निरीक्षण कर एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई जारी रखें. इसके अलावा एग्रीस्टैक के कार्य में तेजी लाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से शुरू हो रही मूँग और उड़द की खरीदी से पहले तहसीलदारों द्वारा शत-प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण किया जाए. लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए राहतगढ़ जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस के साथ साथ आगामी आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं. संबल 2.0 योजना के तहत लंबित पंजीयन के कार्यों को गति देने और अनुग्रह सहायता के लंबित मामलों की प्रक्रिया को शीघ्रता से निपटाने के लिए कहा गया, साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में स्वीकृत, प्रगतिरत और पूर्ण हो चुके कार्यों की संख्या की समीक्षा की गई.

फिल्टर प्लांट की हुई सफाई

नवभारत न्यूज

बंडा 29 जून. बरसात के मौसम को देखते हुए नगर परिषद ने पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ किया है.

उपयंत्री आकाश राठौर के नेतृत्व में जलप्रदाय प्रभारी सीताराम विश्वकर्मा एवं कर्मचारियों ने फिल्टर प्लांट सहित जलप्रदाय व्यवस्था के विभिन्न घटकों की सफाई कराई. नगर परिषद अध्यक्ष वैभव राज कुकरेले ने बताया कि नगरवासियों को नियमित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.

बेबस नदी से लिए जा रहे पानी का फिल्टर प्लांट में शुद्धिकरण कर आपूर्ति की जा रही है. जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से परीक्षण किए जा रहे हैं तथा जांच के आधार पर फिटकरी, ब्लीचिंग पाउडरमात्रा निर्धारित की जा रही है.

आज होगा अभिषेक

सागर. आषाढ़ माह के प्रथम मंगलवार को श्री देव डूठाबली हनुमान जी को गंगा जमुना सरजू नर्मदा आदि के जल से एवं दूध दही शहद घी से अभिषेक किया जाएगा. तत्पश्चात भगवान को सिंदूर अर्पण कर विभिन्न प्रकार के फल और फूलों से श्रृंगार संतोष सोनी मारुति द्वारा किया जाएगा. रात्रि 8 बजे 1100 दीपों से महाआरती होगी. भगवान को विभिन्न प्रकार के फलों एवं दूध का महा भोग अर्पण किया जाएगा. श्री राम मारुती धाम पर पिता भगवान श्री केसरी जी मां अंजनी देवी एवं 21 फुट के बड़े हनुमान जी की पूजा अर्चना की जायेगी.

25 हजार किलो अवैध उर्वरक भंडारण पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सागर 29 जून. कृषि विभाग की टीम ने अवैध उर्वरक भंडारण और विक्रय के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है.

खुरई रोड पर गढ़ौली खुर्द स्थित मेसर्स माँ हरसिद्धि एग्रो (ट्रेडर्स) और गुजरात के %सहदेव फर्टिलाइजर्स के खिलाफ बिना अनुमति और वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से उर्वरक भंडारण करने के मामले में थाना कैंट में एफआईआर दर्ज हुई. जानकारी के अनुसार कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक शिवकांत सिंह राजपूत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुडारी में सचिन गुप्ता के मकान में अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण किया जा रहा है.

सूचना की तस्दीक के लिए कृषि विभाग की टीम ने पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर छापेमारी की. वहाँ एक हैवी ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 2213 से उर्वरक की बोरियाँ उतारकर मकान में रखी जा रही थीं. जांच टीम ने मौके से कुल 500 बोरी अवैध उर्वरक की जप्त किया है, जिसका कुल वजन 25,000 किलोग्राम है. इसमें से 230 बोरियाँ ट्रक में और 270 बोरियाँ मकान के अंदर रखी हुई पाई गईं. जप्त किए गए उर्वरक की कुल कीमत 1,25,000 और जप्त ट्रक की कीमत करीब 20 लाख बताई जा रही है. आरोपी प्रदीप साहू भंडारण और खरीदी-बिक्री से जुड़े कोई भी वैध दस्तावेज मौके पर पेश नहीं कर सका. कृषि विभाग की शिकायत पर कैंट पुलिस ने मेसर्स माँ हरसिद्धि एग्रो के प्रोपराइटर प्रदीप साहू पिता काशीराम साहू और सहदेव फर्टिलाइजर्स (भावनगर, गुजरात) के प्रोपराइटर महेश रामजी भाई चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया है. आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, के तहत अपराध संख्या 0332/2026 पंजीकृत कर मामले को विवेचना में ले लिया गया है. परीक्षण के लिए उर्वरक के सैंपल भी प्रयोगशाला भेजे गए हैं. कार्रवाई के दौरान अनिल राय, अंकित रावत, आर. डी. लडिया, भूपेंद्र राजपूत, राघवेंद्र राजपूत, कुलदीप क्रिश्चियन उपस्थित रहे.

तीन स्कूल बसें जप्त की गईं

नवभारत न्यूज

सागर 29 जून. आरटीओ द्वारा शहरी क्षेत्र में 22 स्कूली वाहनों को चैक किया गया.

स्कूल बस क्रमांक एमएच 31सीक्यू 5468 फर्श ठीक हालत में नही था तथा स्कूल बस क्रमांक सीजी 09 एफ 0103 एवं स्कूल बस क्रमांक एमपी 21पी 0171 का फिटनेस वैध नहीं पाया गया. उक्त 03 स्कूल बसों को जप्त कर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया. उक्त कार्यवाही शहरी क्षेत्र में की गई थी. चैकिंग के कारण कुछ वाहन चालकों द्वारा रास्ता बदलकर जाने का प्रयास किया. किन्तु जांच दल द्वारा उन्हें जांच दायरे में लिया गया.

एक नजर में

प्रभारी संयुक्त संचालक ने किया पदभार ग्रहण

सागर. संभागीय जनसंपर्क कार्यालय सागर में जनसंपर्क संचालनालय भोपाल से स्थानांतरित होकर आए प्रभारी संयुक्त संचालक जनसंपर्क लक्ष्मण सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है. पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रभारी संयुक्त संचालक श्री सिंह ने कार्यालय में उपस्थित स्टाफ का परिचय लिया और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की.

ग्रामसभा में शराबबंदी का प्रस्ताव पारित

सागर. ग्राम पंचायत परासिया चनोआ में आयोजित ग्रामसभा में महिलाओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया. बैठक के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण की सचिव संजना कुर्मी के नेतृत्व में महिलाओं ने गांव में बढ़ती शराबखोरी से उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया. संजना कुर्मी ने कहा कि शराब के कारण परिवारों में कलह, घरेलू हिंसा, आर्थिक संकट तथा युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है. ग्रामसभा ममहिलाओं एवं ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत क्षेत्र में पूर्ण शराबबंदी लागू करने की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित किया. निर्णय लिया गया कि यह प्रस्ताव जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को भेजा जाएगा, ताकि ग्राम पंचायत परासिया में शराब की बिक्री एवं अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की कार्रवाई की जा सके, ऐसे प्रस्ताव अन्य स्थानों पर भी ग्राम पंचायतों द्वारा पारित किए जा चुके हैं.

मोतीनगर कब्रिस्तान में हुआ पौधरोपण

सागर. मोतीनगर कब्रिस्तान परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं. भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ना चाहिए. आयोजन कब्रिस्तान कमेटी अध्यक्ष इरशाद पप्पू पहलवान के नेतृत्व में किया गया. कार्यक्रम में नफीस खान, अजमेरी राईन, आरिफ नगीना, सब्बीर भाई, तारिक खत्री, शाहिद भाई, जुबेर भाई, हैदर राईन, हाजी उस्मान ताज, जीशान खान, आमीन भाई, वसीम खान, अरसद अली, शालू भाई, लालू शाह, राशिद मेंहदी, अनीस खान, सलमान खान, हाफिज आबिद राईन, आसिफ मासाब, उपस्थित रहे.

पुरानी पेंशन के लिए भटक रहा है राज्य कर्मचारी

नवभारत न्यूज

ललितपुर 29 जून. चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के द्वारा मुख्यमंत्री एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षण लखनऊ, मुख्य वन संरक्षण, झांसी वन संरक्षण बुंदेलखंड व्रत उप्र झांसी के लिए कार्यवाही नही हुई.

पुरानी पेंशन एरियस नहीं मिली तो कैसे परिवार का गुजारा हो इसी संदर्भ में मुन्नालाल दुबे केसमर्थन में पत्र देकर प्रशासन साधन को अवगत भी कराया था. उनकी 6 सूत्रीय मांगों का पत्र सोंपा था. ज्ञापनमें यह भी बताया गया है. गठित समिति में प्रार्थी को पत्र माना है जिस प्रकार लाखों लोगों को पेंशन मिल रही है,उसी प्रकार से मुन्नालाल दुबे को भी पेंशन पुरानी मिलने का हक है. वह लिखित में पुरानी पेंशन एवं एरियर भक्तों सहित लगातार मांग करता चला आ रहा है. संघ अनुरूप करता है अपील करता है कि एरियस सहित पुरानी पेंशन दी जाए ताकि मजबूर होकर मुन्नालाल दुबे को उच्च न्यायालय की शरण में नहीं जाना पड़े. इस दौरान आनंद स्वरूप रजक मौजूद थे.

जांच हेतु दल गठित

सागर सिविल अस्पताल बंडा में इलाज के दौरान डेढ़ साल के मासूम की आंखों की रोशनी जाने एवं बंडा तहसील अंतर्गत विनायका थाना क्षेत्र के चक्रभारती में झोलाछाप डॉक्टर प्रिंस वाला के उपचार के बाद 19 वर्षीय युवती की मृत्यु होने संबंधी घटनाओं की सूक्ष्मता से जांच हेतु जांच दल का गठन किया गया है. जांच दल में डॉ अदिति दुबे नेत्ररोग विशेषज्ञ इन्द्रा नेत्र चिकित्सालय, अशोक कुमार नेत्र सहायक इन्द्रा नेत्र चिकित्सालय, बालाराम अहिरवार बीईई सिविल अस्पताल बंडा शामिल है. दल को दो दिवस में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं.

प्रत्येक सोमवार को जनसमस्या निवारण शिविर

नवभारत न्यूज

खुरई 29 जून. आफीसर्स कालोनी विधायक कार्यालय में पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेंद्र सिंह की उपस्थिति में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें जनसमस्याओं का निराकरण सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा किया गया.

शिविर के आरंभ में पूर्व नपा अध्यक्ष कमलेश राय और वरिष्ठ पार्षद बलराम यादव सहित कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री सिंह का बेडशीट्स, कापी, पेन स्टेशनरी भेंट कर स्वागत किया. श्री सिंह ने जानकारी दी कि शिविर

में अनेक जनसमस्याओं का निराकरण हुआ है. किशनलाल चौसिया का गरीबी की रेखा का आवेदन स्वीकृत पत्र उन्हें दिया गया. उन्होंने बताया कि अगले सोमवार भी 12 बजे से शाम 5 बजे तक यह शिविर होगा. और अब पूर्व की तरह प्रत्येक सोमवार को यह जनसमस्या निवारण शिविर आफीसर्स कालोनी स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित होगा. शिविर में एसडीएम मनोज चैरसिया, नपा अध्यक्ष नन्हींबाई अहिरवार, उपाध्यक्ष राहुल चैधरी, राजपाल सिंह राजपूत, रवींद्र सिंह, जमना अहिरवार मौजूद थे.

मयूर पंख को लेकर जैन समाज ने ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

सागर 29 जून. भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या 10 की समस्त शाखाओं द्वारा मेनका गांधी द्वारा जैन संस्कृति पर लगाए गए मिथ्या आरोपों के विरोध में धार्मिक भावनाओं को भड़काने का आपराधिक मुकदमा दर्ज करने हेतु प्रधानमंत्री को ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया.

ज्ञापन में विधायक शैलेंद्र जैन, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेंद्र जैन की अगुवाई में दिया गया. इस दौरान कलेक्टर को बताया गया कि जैन समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली अग्रणी संस्था भारतीय जैन मिलन ध्यान जैन समाज की आहत धार्मिक भावनाओं, अस्मिता पर हो रहे कुठाराघात और देश में जैन संतों व मंदिरों पर बढ़ते सुनियोजित हमलों की ओर

आकर्षित करना चाहती है.ज्ञापन में केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग करते हैं कि श्रीमती गांधी द्वारा पिच्छिका पर लगाए गए झूठे आरोपों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज हो. विगत दिनों श्रीमती मेनका गांधी द्वारा और भ्रामक बयान जारी किया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि जैन दिगंबर संतों द्वारा उपयोग की जाने वाली पिच्छिका के निर्माण के लिए 15 लाख मोरों की हत्या की जाती है. इस दौरान कपिल मलैया, मुकेश ढाना, सुरेन्द्र मालथौन, दिनेश बिलहरा,अरुण जैन चंदेरिया, जिनेश बहरोल, विनीत ताला वाले, संजय शक्कर, दिनेश जैन, तरुण कोयला, अरविंद जैन, संतोष जैन, डालचंद जैन, प्रमोद जैन, मनीष विद्यार्थी, राकेश जैन, सुरेश बीज निगम, राजेश प्राचार्य, आकाश गोदरे, राजेश मलैया, राजेश जैन, सुरेंद्र जैन, संजीव दिवाकर, प्रदीप जैन, अमित जैन, मनोज मौजूद थे.

जंगली भालू के हमले में दो महिलाएं घायल हुईं

सागर. बंडा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम भडराना में एक जंगली भालू जंगल से भटककर सीधे रिहायशी बस्ती में घुस आया. इस अचानक हमले में भालू न दो महिलाओं को बुरी तरह घायल कर दिया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थे, तभी अचानक एक भालू बस्ती में दाखिल हो गया. इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते, भालू ने सामने आईं दो महिलाओं पर हमला बोल दिया. मिली जानकारी अनुसार भालू ने कुछ मवेशियों को भी घायल किया है. घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती, घटना की सूचना पुलिस और वन विभाग को दी गई.डायल 112 पहुंची और घायलों को बंडा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया.

देव पूर्णिमा पर निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

बीना 29 जून. देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर राधे-राधे प्रभात मंडल द्वारा स्नान यात्रा निकाली गई.

मां जागेश्वरी धाम से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई. मां जागेश्वरी धाम पर एवं हरे राम मंदिर पर स्थित भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का कलशों के पवित्र जल से महाअभिषेक किया गया. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस महास्नान के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं, जिसके साथ ही अनवसर काल की शुरुआत हो जाती है. यह अवधि भगवान के विश्राम और विशेष सेवा के लिए होती है. जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा के सदस्य एडवोकेट प्रभात व्यास ने बताया यह यात्रा हरे राम मंदिर स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर से यह यात्रा प्रारंभ होगी. नानक वार्ड से पंचमुखी हनुमान होती हुई, नगर भ्रमण पर निकलेगी जिसमें नगर के सभी श्रद्धालु गण उनका दर्शन लाभ लेंगे एवं उस रात स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर पर विश्राम करेंगे. सुबह ढोल नगाड़ों के साथ पुन: सा हरि राम मंदिर स्थित जगन्नाथ स्वामी मंदिर पर विराजमान होंगे.

बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण को लेकर सवाल

नवभारत न्यूज

ललितपुर 29 जून. निजी पैथोलॉजी प्रयोगशालाओं से निकलने वाले बायोमेडिकल कचरे के सुरक्षित निस्तारण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए.

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में ग्राम बांसी से बार रोड के पास बड़ी मात्रा में इस्तेमाल किए गए सिरिंज, ब्लड वायल, सैंपल कलेक्शन ट्यूब और अन्य मेडिकल कचरा पड़े होने का दावा किया गया है. वीडियो सामने आने के बाद बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की पूरी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं. जानकारी के अनुसार जिले की विभिन्न

पैथोलॉजी लैबों से निकलने वाले बायोमेडिकल कचरे को एक अधिकृत एजेंसी द्वारा एकत्रित किया जाता है. सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में बार रोड के पास बड़ी मात्रा में मेडिकल कचरा पड़ा दिखाई देने का दावा किया गया है. वीडियो में एक व्यक्ति इन इस्तेमाल की गई मेडिकल सामग्रियों की कथित बिक्री की बात करता भी सुनाई दे रहा है. हालांकि, इस वायरल वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है. बताया जा रहा है कि जब मीडिया टीम ने मौके का निरीक्षण किया तो वहां पहले मौजूद बताए जा रहे सिरिंज, ब्लड वायल और अन्य बायोमेडिकल कचरा नहीं मिला. ऐसे में मामला और भी संदिग्ध हो गया है तथा कई अहम सवाल खड़े हो गए हैं. सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिले में बायोमेडिकल कचरे का निस्तारण बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं ?

कार्यालय नगर पालिका परिषद खुरई, जिला सागर (म.प्र.)

क्र./लो.नि.शा./निविदा/2026/452 :: निविदा आमंत्रण सूचना :: खुरई दिनांक:29.06.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्र./जारी दिनांक	कार्य का नाम एवं स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_517824_1 29.06.2026	नगर के विभिन्न स्थानों जीआई चैन लिंक फेब्रिक फेंसिंग कार्य	02 माह 8,39,245/-	2,000/- 8,400/-	14.07.2026
2.	2026_UAD_517825_1 29.06.2026	नानक वार्ड में शहनाई गार्डन के पास मरम्मत एवं अन्य कार्य	02 माह 6,12,488/-	2,000/- 6,500/-	14.07.2026
3.	2026_UAD_517826_1 29.06.2026	निकाय क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य	04 माह 31,12,227/-	5,000/- 23,500/-	30.07.2026
4.	2026_UAD_517827_1 29.06.2026	निकाय क्षेत्र अंतर्गत वीरसावरकर वार्ड में स्थित गौशाला में टीनशेड निर्माण कार्य ण कार्य	04 माह 25,42,373/-	5,000/- 19,500/-	30.07.2026

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in वेवसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खुरई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खुरई